"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/तक. 114-009/2003/20-01-03."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 14] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 3 अप्रैल 2009—चैत्र 13, शक 1931

विषय—सूची

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 26 मार्च 2009

क्रमांक एफ 1-1/2009/1/5.—भारत सरकार, गृह मंत्रालय की अधिसूचना क्रमांक 20-25-56-पब-एक, दिनांक 08 जून, 1957 के साथ पढ़ी गई परक्राम्य लिखित अधिनियम (निगोशिएबल इस्ट्रूमेंट्स एक्ट), 1881 (1881 का क्रमांक 26) की धारा 25 के स्पष्टीकरण द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा, लोक सभा आम चुनाव, 2009 के सिलसिले में गुरुवार, दिनांक 16 अप्रैल, 2009 को मतदान के लिए सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक अवकाश घोषित करता है.

2. क्रमांक एफ 1-1/2009/1/5.—राज्य शासन एतद्द्वारा, लोक सभा आम चुनाव, 2009 के सिलसिले में यह भी घोषित करता है कि गुरुवार, दिनांक 16 अप्रैल, 2009 को मतदान के लिए सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में सामान्य अवकाश का दिन भी होगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. आर. मिश्रा, संयुक्त सचिव.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2009.

रायपुर, दिनांक 24 मार्च 2009

क्रमांक एफ 4-7/2005/1/एक.—विभागीय समसंख्यक आदेश दिनांक 10-2-2009 द्वारा स्वीकृत लघुकृत अवकाश के अनुक्रम में राज्य शासन एतद्द्वारा माननीय न्यायमूर्ति श्री दिलीप रावसाहेब देशमुख, न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर को दिनांक 4 फरवरी, 2009 से 6 फरवरी, 2009 तक (03 दिन) का पूर्ण वेतन-भत्तों सहित लघुकृत अवकाश की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विजय कुमार सिंह, अवर सचिव.

रायपुर, दिनांक 23 मार्च 2009

क्रमांक ई-7/19/2004/1/2.—श्री सी. के. खेतान, भा. प्र. से., सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग को दिनांक 27-02-2009 से 28-02-2009 तक (02 दिवस) का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही दिनांक 01-03-2009 के शासकीय अवकाश को जोड़ने की अनुमति भी दी जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री खेतान, आगामी आदेश तक सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग पद पर पुनः पदस्थ होंगे.

3. अवकाश काल में श्री खेतान को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री खेतान अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

रायपुर, दिनांक 25 मार्च 2009

क्रमांक ई-7/7/2003/1/2.—श्री बी. एल. अग्रवाल, भा. प्र. से., आयुक्त, रायपुर सम्भाग, रायपुर को दिनांक 06-03-2009 से 07-03-2009 तक (02 दिवस) का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही दिनांक 08-03-2009 के शासकीय अवकाश को जोड़ने की अनुमति भी दी जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री अग्रवाल आगामी आदेश तक आयुक्त, रायपुर संभाग, रायपुर के पद पर पुनः पदस्थ होंगे.

3. अवकाश काल में श्री अग्रवाल को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अग्रवाल अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मुकुन्द गजभिये, अवर सचिव.

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 13 मार्च 2009

क्रमांक एफ 5-6/खाद्य/2009/29.—छ. ग. शासन, विधि एवं विधायी कार्य विभाग के आदेश क्रमांक 1651/663/21-ब/छ. ग./2009, दिनांक 02-03-2009 द्वारा श्री अशोक कुमार पाठक, प्रथम श्रेणी अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रायगढ़ की सेवाएं छ. ग. राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतिपोषण आयोग, रायपुर में रजिस्ट्रार के पद पर प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति हेतु इस विभाग को सौंपी गई है.

राज्य शासन एतद्द्वारा, श्री अशोक कुमार पाठक, प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रायगढ़ को उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक रजिस्ट्रार, छ. ग. राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, रायपुर के पद पर पदस्थ करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. एल. ठाकुर, उप-सचिव.

गृह (पुलिस) विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 18 मार्च 2009

संशोधित आदेश

क्रमांक/एफ 1/36/दो गृह/भापुसे/2001.—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 12-03-2009 के पैरा 5 में उल्लेखित "डॉ. आनंद छाबड़ा, भापुसे" के स्थान पर "श्री जी. पी. सिंह, भापुसे" पढ़ा जावे.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. एल. लिखारे, अवर सचिव.

खेल एवं युवा कल्याण विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 16 जनवरी 2009

क्रमांक/एफ 1-1/2007/9.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ खेल एवं युवा कल्याण, तृतीय श्रेणी अराजपत्रित (कार्यपालिक तथा लिपिक वर्गीय) सेवा के सदस्यों की भरती तथा शर्तों को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

नियम

1. **संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ :—**
   (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम छत्तीसगढ़ खेल और युवा कल्याण, तृतीय श्रेणी अराजपत्रित (लिपिक वर्गीय तथा कार्यपालिक) सेवा भरती नियम, 2008 है.

   (2) ये "राजपत्र" में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे.

2. **परिभाषाएं :—** इन नियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हों :—
   (क) सेवा या पद के सम्बन्ध में "नियुक्ति प्राधिकारी" से अभिप्रेत है, विभागाध्यक्ष खेल एवं युवा कल्याण विभाग, या कोई ऐसा प्राधिकारी जिसे सरकार द्वारा, सेवा के लिए, सेवा या पद पर नियुक्ति करने की शक्ति प्रत्यायोजित की गई हो या उसके पश्चात् प्रत्यायोजित की जाएं ;

   (ख) "समिति" से अभिप्रेत है, विभागीय पदोन्नति समिति/छानबीन समिति/चयन समिति ;

   (ग) "राज्य" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ राज्य ;

(घ) "सरकार" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ सरकार ;

(ङ) "सेवा" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ खेल और युवा कल्याण, तृतीय श्रेणी अराजपत्रित (लिपिक वर्गीय तथा कार्यपालिक) सेवा ;

(च) "राज्यपाल" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल ;

(छ) "अनुसूची" से अभिप्रेत है, इन नियमों के संलग्न अनुसूची ;

(ज) "अनुसूचित जाति" से अभिप्रेत है, भारत के संविधान के अनुच्छेद-341 के अधीन छत्तीसगढ़ राज्य के संबंध में यथाविनिर्दिष्ट अनुसूचित जाति ;

(झ) "अनुसूचित जनजाति" से अभिप्रेत है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 342 के अधीन छत्तीसगढ़ राज्य के संबंध में यथा-विनिर्दिष्ट अनुसूचित जनजाति ;

(ञ) "अन्य पिछड़े वर्ग" से अभिप्रेत है, राज्य सरकार द्वारा, समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना क्रमांक एफ-8-5/पच्चीस/4-84 तारीख 26 दिसम्बर 1984 द्वारा यथाविनिर्दिष्ट नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्ग.

3. **विस्तार तथा लागू होना :—** छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 में अंतर्विष्ट उपबंधों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना ये नियम सेवा के प्रत्येक सदस्य पर लागू होंगे.

4. **सेवा का गठन :—** सेवा में निम्नलिखित व्यक्ति होंगे, अर्थात् :—

(क) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारंभ होने के समय अनुसूची-एक में विनिर्दिष्ट पदों को मौलिक/स्थानापन्न रूप से धारण कर रहे हों.

(ख) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारंभ होने के पूर्व सेवा में भर्ती किए गए हों, और

(ग) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के उपबंधों के अनुसार सेवा में भर्ती किए गए हों.

5. **वर्गीकरण, वेतनमान आदि :—** सेवा का वर्गीकरण, उसके संलग्न वेतनमान तथा सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या, अनुसूची-एक में अन्तर्विष्ट उपबंधों के अनुसार होगी.

परंतु सरकार, सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या में, समय-समय पर या तो स्थायी या अस्थाई आधार पर वृद्धि या कमी कर सकेगी.

6. **भरती का तरीका :—**

(1) इन नियमों के प्रारंभ होने के पश्चात् सेवा में भर्ती निम्नलिखित तरीकों से की जाएगी, अर्थात् :—

(क) प्रतियोगिता परीक्षा/साक्षात्कार से सीधी भर्ती द्वारा ;

(ख) पदोन्नति द्वारा ;

(ग) ऐसे व्यक्तियों के स्थानांतरण/प्रतिनियुक्ति द्वारा जो ऐसी सेवाओं में ऐसे पदों को, जो कि इस निमित्त विनिर्दिष्ट हो, मूल/स्थानापन्न हैसियत में धारण करते हों;

(2) उप नियम (1) के खंड (ख) या खंड (ग) के अधीन भर्ती किए गए व्यक्तियों की संख्या अनुसूची-1 में विनिर्दिष्ट पदों की संख्या के अनुसूची-दो में दर्शाई गई प्रतिशत से किसी भी समय अधिक नहीं होगी ;

(3) इन नियमों के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, सेवा में किसी भी विशिष्ट रिक्ति या रिक्तियों को जिन्हें भर्ती की किसी वि

कालावधि के दौरान भरा जाना अपेक्षित हो, भरे जाने के प्रयोजन के लिए अपनाया जाने वाला भर्ती का तरीका या तरीके तथा प्रत्येक तरीके द्वारा भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों की संख्या, प्रत्येक अवसर पर, सरकार के परामर्श से नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अवधारित की जाएगी.

(4) उपनियम (1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुये भी, यदि नियुक्ति प्राधिकारी की राय में सेवा की अत्यावश्यकताओं को देखते हुए ऐसा करना अपेक्षित हो तो नियुक्ति प्राधिकारी, सामान्य प्रशासन विभाग की पूर्व सहमति से सेवा में भर्ती के लिये उक्त उपनियम में विनिर्दिष्ट तरीकों से भिन्न अन्य तरीके अपना सकेगा, जो इस निमित्त जारी आदेश द्वारा विहित किया जाये.

(5) सीधी भर्ती से भरे जाने वाले पदों के लिए मेरिट के आधार पर चयन के लिए शासन द्वारा मापदंड निर्धारित किए जा सकेंगे तथापि नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा इस हेतु एक चयन समिति गठित की जायेगी जो इन मापदंडों के अन्यथा अन्य युक्तिसंगत मापदंड शासन की सहमति से अपना सकेगी.

(6) छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 के प्रावधान लागू रहेंगे.

7. **सेवा में नियुक्ति**— इन नियमों के प्रारंभ होने के पश्चात् सेवा में समस्त नियुक्तियां, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा की जाएगी तथा ऐसी कोई भी नियुक्ति नियम 6 में विनिर्दिष्ट भर्ती के तरीकों में से किसी एक तरीके द्वारा चयन करने के पश्चात् ही की जाएगी, अन्यथा नहीं.

8. **सीधी भर्ती के लिये पात्रता की शर्तें** — प्रतियोगिता परीक्षा/चयन में पात्र होने के लिये अभ्यर्थी को निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी होंगी, अर्थात् :—

(1) **आयु :—**

(क) उसने परीक्षा/चयन प्रारंभ होने की तारीख के पश्चात् आगामी जनवरी के प्रथम दिन को उसने अनुसूची-तीन के कॉलम (3) में विनिर्दिष्ट आयु पूरी कर ली हो तथा उक्त अनुसूची के कॉलम (4) में विनिर्दिष्ट आयु पूरी न की हो.

(ख) यदि अभ्यर्थी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों का हो तो उच्चतर आयु सीमा अधिकतम पांच वर्ष तक शिथिलनीय होगी.

(ग) छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति हेतु विशेष उपबंध) नियम, 1997 के उपबंधों के अनुसार, महिला अभ्यर्थी की उच्चतर आयु सीमा अधिकतम दस वर्षों तक शिथिलनीय होगी.

(घ) उन अभ्यर्थियों के संबंध में जो छत्तीसगढ़ सरकार के कर्मचारी हों या रह चुके हों, उच्चतर आयु सीमा नीचे विनिर्दिष्ट की गई सीमा तक तथा शर्तों के अध्यधीन रहते हुए, शिथिलनीय होगी :—

(एक) ऐसे अभ्यर्थी, जो स्थाई शासकीय सेवक हो, 38 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए,

(दो) ऐसे अभ्यर्थी जो अस्थाई रूप से पद धारण करता हो तथा किसी अन्य पद के लिये आवेदन कर रहा है 38 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिये. यह रियायत आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारियों, कार्यभारित कर्मचारियों और परियोजना कार्यान्वयन समितियों में कार्यरत कर्मचारियों को भी अनुज्ञेय होगी,

(तीन) ऐसे अभ्यर्थी, जो छटनी किया गया शासकीय सेवक है उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गई समस्त अस्थाई सेवा की अधिकतम 7 वर्ष तक की कालावधि, भले ही वह कालावधि एक से अधिक बार की गई सेवाओं के कारण हो, कम करने के लिये अनुज्ञात किया जाएगा, बशर्ते इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले वह उच्चतर आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो.

स्पष्टीकरण :— शब्द "छटनी किए गए शासकीय सेवक" से द्योतक है, ऐसा व्यक्ति जो इस राज्य या किसी भी संघटक इकाई की अस्थाई शासकीय सेवा में कम से कम छः मास तक निरंतर रहा हो तथा जिसे रोजगार कार्यालय में अपना पंजीकरण कराने या शासकीय सेवा में नियोजन के लिये, अन्यथा आवेदन देने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व स्थापना में कमी किये जाने के कारण सेवोन्मुक्त किया गया हो.

(चार) ऐसे अभ्यर्थी जो भूतपूर्व सैनिक है, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व से की गई समस्त प्रतिरक्षा सेवा की कालावधि कम करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा बशर्ते इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले, वह उच्चतर आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो.

स्पष्टीकरण :—शब्द "भूतपूर्व सैनिक" से द्योतक है, ऐसा व्यक्ति जो निम्नलिखित प्रवर्गों में से किसी एक प्रवर्ग का रहा हो और जो भारत सरकार के अधीन कम से कम 6 माह की कालावधि तक निरंतर नियोजित रहा हो, और जिसकी किसी भी रोजगार कार्यालय में अपना पंजीकरण कराने या सरकारी सेवा में नियोजन हेतु, अन्यथा, आवेदन देने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व मितव्ययिता इकाई की सिफारिशों के फलस्वरूप या स्थापना में सामान्य रूप से कमी किये जाने के कारण छटनी किया गया हो या जो अतिशेष (सरप्लस) घोषित किया गया हो :—

(1) ऐसा भूतपूर्व सैनिक जिन्हें समय पूर्व सेवानिवृत्ति रियायतों (मस्टरिंग आउट कन्सेशन) के अधीन निर्मुक्त किया गया हो ;

(2) ऐसा भूतपूर्व सैनिक जिसे दूसरी बार नामांकित किया गया हो, और जिन्हें :—
(क) अल्पकालीन वचनबंध अवधि पूर्ण हो जाने पर,

(ख) भर्ती संबंधी शर्तें पूर्ण हो जाने पर, सेवोन्मुक्त कर दिया गया हो.

(3) मद्रास सिविल इकाई (यूनिट) के भूतपूर्व कार्मिक ;

(4) ऐसे अधिकारी (सैनिक तथा असैनिक), (जिसमें अल्पावधि सेवा में नियमित कमीशन प्राप्त अधिकारी भी सम्मिलित हैं) जिन्हें उनकी संविदा पूरी होने पर सेवोन्मुक्त किये गये हों;

(5) ऐसे अधिकारी जिन्हें अवकाश रिक्तियों पर निरंतर छ: मास से अधिक समय तक कार्य करने के पश्चात् सेवोन्मुक्त किया गया है ;

(6) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें अशक्त होने के कारण सेवा से अलग किया गया है;

(7) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें इस आधार पर सेवोन्मुक्त किया गया है कि अब वे दक्ष सैनिक बनने योग्य नहीं है ;

(8) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें गोली लग जाने, घाव आदि हो जाने के कारण चिकित्सकीय आधार पर सेवा से अलग कर दिया गया हो.

(ङ) उन अभ्यर्थियों के संबंध में, जो परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रीन कार्ड धारक है उच्चतर आयु सीमा दो वर्ष तक शिथिलनीय होगी ;

(च) अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन कार्यक्रम के अधीन पुरस्कृत दम्पतियों के सवर्ण पति/पत्नी के उच्चतर जाति के संबंध में सामान्य उच्चतर आयु सीमा पांच वर्ष तक शिथिलनीय होगी.

(छ) शहीद राजीव पांडेय पुरस्कार, शहीद कौशल यादव सम्मान, वीर हनुमान सिंग सम्मान, गुण्डाधूर सम्मान, महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव सम्मान, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार प्राप्त अभ्यर्थियों के संबंध में सामान्य उच्चतर आयु सीमा पांच वर्ष तक शिथिलनीय होगी ;

(ज) उन अभ्यर्थियों के संबंध में, जो छत्तीसगढ़ राज्य निगम/मण्डल/परिषद के कर्मचारी हैं, उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 38 वर्ष तक शिथिलनीय होगी.

(झ) नगर सेना के स्वयंसेवी नगर सैनिकों तथा नान कमीशन अधिकारियों के संबंध में उनके द्वारा इस प्रकार पूर्व में की गई नगर सेना सेवा की कालावधि के लिए उच्चतर आयु सीमा आठ वर्ष की सीमा के अध्यधीन रहते हुए शिथिलनीय होगी किन्तु किसी भी दशा में उनकी आयु 38 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए.

टिप्पणी- (1) ऐसे अभ्यर्थी, जिन्हें उपर्युक्त नियम 8 के खण्ड (घ) के उपखण्ड (एक) तथा (दो) में उल्लेखित आयु संबंधी रियायतों के अधीन चयन के लिए पात्र पाये गये हों, यदि आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात् चयन के पूर्व अथवा पश्चात् सेवा से त्यागपत्र दे देते हैं तो वे नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे तथापि यदि आवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात् उनकी सेवा या पद से छटनी की जाती है तो वे नियुक्ति के लिए पात्र बने रहेंगे. किसी अन्य मामले में आयु सीमा शिथिल नहीं की जाएगी.

टिप्पणी- (2) विभागीय अभ्यर्थियों को परीक्षा/चयन हेतु उपस्थित होने के लिए उनके नियुक्ति प्राधिकारी की पूर्व अनुज्ञा अभिप्राप्त करनी होगी.

(ञ) आयु सीमा के संबंध में शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश भी लागू रहेंगे.

(2) **शैक्षणिक अर्हताएं :—** अभ्यर्थी के पास सेवा के लिए विहित शैक्षणिक अर्हताएं होनी चाहिए जो कि अनुसूची-तीन में दर्शाई गई है.

(3) **फीस :—** अभ्यर्थी को नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा विहित फीस का संदाय करना होगा.

9. **निरर्हता :—** अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिए किसी भी साधन से समर्थन प्राप्त करने के किसी भी प्रयास को, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा परीक्षा/चयन के लिये निरर्हित ठहराया जा सकेगा.

10. **अभ्यर्थियों की पात्रता के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी का विनिश्चय अंतिम होगा :—** परीक्षा/चयन में प्रवेश के लिये किसी अभ्यर्थी की पात्रता या अन्यथा के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी का विनिश्चय अंतिम होगा और ऐसे किसी भी अभ्यर्थी को, जिसे नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा प्रवेश प्रमाण-पत्र जारी नहीं किया गया हो, परीक्षा/साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जायेगा.

11. **सीधी भर्ती :—**प्रतियोगिता परीक्षा/साक्षात्कार द्वारा सीधी भर्ती :—

(एक) प्रतियोगी परीक्षा शासन द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा संचालित की जायेगी.

(दो) सेवा में भर्ती के लिए प्रतियोगिता परीक्षा या साक्षात्कार या दोनों, ऐसे अंतरालों से की जावेगी जैसा कि नियुक्ति प्राधिकारी समय-समय पर अवधारित करे.

(2) चयन द्वारा सीधी भर्ती—

(एक) सीधी भर्ती द्वारा चयन के लिए एक समिति होगी जिसमें पदोन्नति द्वारा चयन हेतु गठित समिति के समतुल्य सदस्य होंगे.

(दो) चयन समिति का नाम नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर विनिश्चित की जायेगी.

(3) सेवा में भर्ती के समय छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्र. 21 सन् 1994) तथा शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश के अनुसार पदोन्नति में आरक्षण रहेगा.

(4) इस प्रकार आरक्षित रिक्तियों को भरते समय, उन अभ्यर्थियों की जो कि अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के सदस्य हैं, की नियुक्ति पर विचार उसी क्रम से किया जावेगा जिस क्रम में उनके नाम नियम 12 में निर्दिष्ट सूची में आये हों, चाहे अन्य अभ्यर्थियों की तुलना में उनका सापेक्षिक रैंक कुछ भी क्यों न हो.

(5) अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के उन अभ्यर्थियों को जिन्हें नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा प्रशासन में दक्षता बनायें रखने का सम्यक् ध्यान रखते हुए सेवा में नियुक्ति के लिये योग्य घोषित किया गया हो, यथास्थिति, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के लिये आरक्षित रिक्तियों पर नियुक्त किया जा सकेगा.

(6) महिला अभ्यर्थियों हेतु आरक्षण छत्तीसगढ़ लोक सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिये विशेष उपबंध) नियम, 1997 के उपबंधों के अनुसार लागू होगा.

(7) अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की संभावना नहीं है, तो पर्याप्त संख्या में उपलब्ध अनुसूचित जातियों के अभ्यर्थियों के लिए नियुक्ति प्राधिकारी, अनुभव की शर्त को शिथिल कर सकेगा, सक्षम प्राधिकारी सरकार से परामर्श के पश्चात् अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के अभ्यर्थियों के बारे में अनुभव की शर्त को शिथिल कर सकेगा.

12. **चयन समिति द्वारा सिफारिश किये गये अभ्यर्थियों की सूची :—**

(1) चयन समिति ऐसे अभ्यर्थियों की, जो ऐसे स्तर से अर्हित हो, जैसा की चयन समिति अवधारित करें योग्यता क्रम में क्रमांकित सूची तथा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के उन अभ्यर्थियों की सूची, जो यद्यपि उस स्तर से अर्हित नहीं है किन्तु जिन्हें, प्रशासन में दक्षता बनाये रखने का सम्यक् ध्यान रखते हुये, चयन समिति द्वारा सेवा में नियुक्ति के लिये उपयुक्त घोषित किया है, तैयारी करेगी तथा नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रेषित करेगी. यह सूची सर्वसाधारण की जानकारी के लिये प्रकाशित की जाएगी.

(2) इन नियमों तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम 1961 के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, उपलब्ध रिक्तियों पर अभ्यर्थियों के नियुक्ति के संबंध में उसी क्रम में विचार किया जावेगा जिसमें कि उनके नाम सूची में आये हों.

(3) सूची में किसी अभ्यर्थी का नाम सम्मिलित किया जाने से ही उसे तब तक नियुक्ति का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होता, जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी का, ऐसी जांच करने के पश्चात् जैसा कि वह आवश्यक समझे, यह समाधान न हो जाये कि अभ्यर्थी सेवा में नियुक्ति के लिये सभी प्रकार से उपयुक्त है.

(4) चयन सूची, समिति द्वारा उसके जारी करने की तारीख से एक वर्ष की कालावधि तक विधिमान्य रहेगी.

13. **खेल अधिकारी के पद पर लिपिक वर्गीय संवर्ग से सीमित प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से सीधी भर्ती :—**

(1) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा लिपिक वर्गीय संवर्ग से सीमित प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से खेल अधिकारी के 20 प्रतिशत पद अनुसूची-दो में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार संचालनालय/मैदानी कार्यालयों में पदस्थ कर्मचारियों में से भरे जाएंगे.

(2) नियम 11 के उपनियम (2) में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्ग से संबंधित अभ्यर्थियों के लिए पद आरक्षित रखी जायेगी.

(3) इस प्रकार आरक्षित रिक्तियों को भरते समय उन अभ्यर्थियों की, जो अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के सदस्य हैं, नियुक्ति पर विचार उसी क्रम में किया जायेगा जिस क्रम में उनके नाम नियम 12 में निर्दिष्ट सूची में आए हैं चाहे अन्य अभ्यर्थियों की तुलना में उनका सापेक्षिक रैंक कुछ भी क्यों न हो.

(4) अनुसूची-पांच में विनिर्दिष्ट योग्यता के गुणानुक्रम तथा मानकों के अनुसार अर्ह अभ्यर्थियों की सूची तथा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों में जो यद्यपि उक्त मानक के अनुसार अर्ह न हो किन्तु नियुक्ति प्राधिकारी ने प्रशासन में दक्षता बनाये रखने का सम्यक् ध्यान रखते हुए, नियुक्ति के लिए उपयुक्त घोषित किया है, की एक सूची तैयार की जायेगी. यह सूची अंतिम रूप से तैयार करने की तारीख से एक वर्ष तक प्रभावशील रहेगी.

(5) इन नियमों के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, उपलब्ध रिक्तियों पर अभ्यर्थियों की नियुक्ति के संबंध में उसी क्रम में विचार किया जायेगा जिसमें कि उनके नाम सूची में आए हों.

(6) सूची में किसी अभ्यर्थी का नाम सम्मिलित किये जाने से ही उसे नियुक्ति का कोई अधिकार तब तक प्रदत्त नहीं होता है जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी को ऐसी जांच करने के पश्चात् जैसा कि वह आवश्यक समझे, यह समाधान न हो जाए, कि अभ्यर्थी सेवा में नियुक्ति के लिए सभी प्रकार से उपयुक्त है.

14. **पदोन्नति द्वारा नियुक्ति :—**

(1) पात्र अभ्यर्थियों के पदोन्नति हेतु प्रारंभिक चयन करने के लिये एक समिति गठित की जावेगी जिसमें अनुसूची–चार में उल्लिखित सदस्य होंगे, परंतु इस उप नियम में समिति के गठन के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्र. 21 सन् 1994) की धारा 8 के उपबंधों का भी अनुसरण किया जायेगा.

(2) समिति की बैठक ऐसे अंतराल से किया जायेगा जो सामान्यतया एक वर्ष से अधिक का नहीं होगा.

(3) छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम 2003 के उपबंधों के अनुसार रोस्टर लागू होगा.

(4) आरक्षित रिक्तियों में पदोन्नति करने हेतु प्रक्रिया शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी किये गये निर्देशों के अनुसार रहेगी.

15. **पदोन्नति/स्थानांतरण के लिये पात्रता संबंधी शर्तें :—**

(1) उप नियम (2) के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, समिति उन समस्त व्यक्तियों के मामलों पर विचार करेगी जिन्होंने उस वर्ष की जनवरी के प्रथम दिन को, उन पदों पर या उसके समतुल्य घोषित किसी अन्य पद पर, जिनसे कि पदोन्नति की जानी है, उतने वर्षों की सेवा चाहे स्थानापन्न या मूल रूप में जैसा कि सरकार द्वारा अनुसूची चार के कालम (4) में यथाविनिर्दिष्ट किया गया है पूर्ण कर ली हो, तथा जो उपनियम (2) के उपबंधों के अनुसार विचारण के क्षेत्र में आते हों.

स्पष्टीकरण :— पदोन्नति के लिए पात्रता हेतु संगणना की रीति :—संबंधित वर्ष जिसमें विभागीय पदोन्नति समिति/छानबीन समिति आहूत की जाती है, की प्रथम जनवरी को अर्हकारी सेवा की अवधि की गणना, उस कलेण्डर वर्ष से की जावेगी, जिसमें लोक सेवक फिडर संवर्ग/सेवा के भाग/पद के वेतनमान में आया है और सेवा के फिडर संवर्ग/सेवा के भाग/पद के वेतनमान में आने की तारीख से नहीं.

16. **उपयुक्त अभ्यर्थियों की सूची का तैयार किया जाना :—**

(1) समिति, ऐसे व्यक्तियों की एक सूची तैयार करेगी जो नियम 15 में विहित शर्तों को पूरा करते हों तथा जिन्हें समिति द्वारा सेवा में पदोन्नति/स्थानांतरण के लिए उपयुक्त घोषित किया गया हो, यह सूची चयन सूची तैयार करने की तारीख से एक वर्ष के दौरान सेवानिवृत्ति/पदोन्नति के कारण होने वाली प्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिए पर्याप्त होगी. उक्त चयन सूची में सम्मिलित व्यक्तियों की संख्या के 25 प्रतिशत को मिलाकर एक आरक्षित सूची होगी जो उक्त कालावधि के दौरान होने वाली अप्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिए भी प्रस्तावित होगी.

(2) छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (पदोन्नति) नियम 2003 के प्रावधानों के अनुसार चयन सूची तैयार करने के लिए मानदण्ड ज्येष्ठता–सह–उपयुक्तता (सीनियारटी सब्जेक्ट टू फिटनेस) होगा.

(3) छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम 1961 के अनुसार चयन सूची के तैयारी के समय चयन सूची में सम्मिलित व्यक्तियों के नाम, अनुसूची–चार के कॉलम (2) में यथाविनिर्दिष्ट सेवा या पदों में वरिष्ठता के क्रम से रखे जाएंगे.

स्पष्टीकरण :— ऐसे व्यक्ति का जिसका नाम चयन सूची में शामिल किया गया हो, किन्तु जिसे सूची की विधिमान्यता के दौरान पदोन्नत नहीं किया गया हो, केवल उसके पूर्वोत्तर चयन के तथ्य से ही उन व्यक्तियों के ऊपर जिन पर पश्चात्वर्ती चयन में विचार किया गया हो, ज्येष्ठता का कोई दावा नहीं होगा.

17. **चयन सूची :—**

(1) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अंतिम रूप से अनुमोदित की गई सूची, अनुसूची–चार के कालम (2) में दर्शाये गए पदों से उक्त अनुसूची के कालम (3) में विनिर्दिष्ट पदों पर सेवा के सदस्यों की पदोन्नति के लिए चयन सूची होगी.

(2) चयन सूची सामान्यत: एक वर्ष की कालावधि के लिए प्रभावशील रहेगी, जब तक कि नियम 16 उपनियम 4 के अनुसार पुनर्विलोकित या पुनरीक्षित न कर दी जाए, परन्तु इसकी विधि मान्यता इसके तैयार किए जाने की तारीख से 18 मास की कुल कालावधि से अधिक नहीं बढ़ाई जाएगी.

यदि कोई व्यक्ति जिसका चयन सूची में नाम हो, कर्त्तव्य की अवहेलना करते हुए या आदेश की अवहेलना करते हुए पाया जाता है, राज्य सरकार के निर्देश पर, चयन सूची के पुनर्विलोकन के लिए विचार किया जा सकता है. यदि यह विचार किया जाता है कि ऐसे व्यक्ति का नाम सूची से मिटाया/हटाया जाना है तो उस पर विचार किया जाएगा.

18. **चयन सूची से सेवा में नियुक्ति :—**

(1) चयन सूची में सेवा संवर्ग के पदों पर नियुक्तियां छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम 2003 के प्रावधानों के अनुसार की जावेगी.

(2) साधारणत: उस व्यक्ति की, जिसका नाम सेवा की चयन सूची में सम्मिलित है, सेवा में नियुक्ति के पूर्व समिति से परामर्श करना तब तक आवश्यक नहीं होगा जब तक कि चयन सूची में उसका नाम सम्मिलित किए जाने तथा प्रस्तावित नियुक्ति की तारीख के बीच की कालावधि में उसके कार्य में ऐसी कोई खराबी उत्पन्न न हो जाए जो नियुक्ति प्राधिकारी की राय में सेवा में नियुक्ति के लिए उसे अनुपयुक्त सिद्ध करता हो.

19. **परिवीक्षा :—**सेवा में सीधी भर्ती किया गया प्रत्येक व्यक्ति दो वर्ष की कालावधि के लिए परिवीक्षा पर नियुक्त किया जाएगा.

20. **निर्वचन :—** यदि इन नियमों के निर्वचन के संबंध में कोई प्रश्न उद्‌भूत हो, तो उसे सरकार को निर्दिष्ट किया जाएगा, जिसका उस पर विनिश्चय अंतिम होगा.

21. **शिथिलीकरण :—** इन नियमों में की किसी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जाएगा कि वह किसी ऐसे व्यक्ति के मामले में, जिसे ये नियम लागू होते हैं, राज्यपाल की ऐसी रीति से, जो उसे उचित तथा साम्यापूर्ण प्रतीत हो, कार्यवाही करने की शक्ति को सीमित या कम करती हैं.

परंतु कोई मामला ऐसी रीति से नहीं निपटाया जाएगा जो कि इन नियमों में उपबंधित रीति की अपेक्षा उसके लिए कम अनुकूल हो.

22. **व्यावृत्ति :—** इन नियमों में अंतर्विष्ट कोई भी बात अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के लिए राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर, इस संबंध में जारी किए गए आदेशों के अनुसार उपबंध किए जाने हेतु अपेक्षित आरक्षण, शिथिलीकरण तथा अन्य शर्तों को प्रभावित नहीं करेंगी.

23. **निरसन :—** इन नियमों के तत्स्थानी और इनके प्रारम्भ होने के ठीक पूर्व प्रवृत्त समस्त नियम, इन नियमों के अंतर्गत आने वाले विषयों के संबंध में, एतद्‌द्वारा निरसित किए जाते हैं :

परंतु इस प्रकार निरसित नियमों के अधीन किया गया कोई आदेश या की गई कोई कार्यवाही, इन नियमों के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन किया गया आदेश या की गई कार्यवाही समझी जाएगी.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अमृता बेक, उप-सचिव.

अनुसूची-एक
(नियम 5 देखिए)

सेवा का वर्गीकरण, वेतनमान और सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या

स. क्र.	सेवा में सम्मिलित पदों का नाम	पदों की संख्या	पद का वर्गीकरण	वेतनमान			टिप्पणी
				प्रारंभिक वेतनमान	प्रथम उच्चतर वेतनमान	द्वितीय उच्चतर वेतनमान	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
1.	वरिष्ठ खेल अधिकारी	3	अराजपत्रित (कार्यपालिक)	5500-175-9000	-	-	विभाग के संभागीय खेल अधिकारी पद को विभागीय सेटअप में वरिष्ठ खेल अधिकारी के रूप में स्वीकृत किया गया है. अत: संभागीय खेल अधिकारी पद को वरिष्ठ खेल अधिकारी पढ़ा जाए.
2.	कनिष्ठ लेखा अधिकारी	1	—तदैव—	5000-150-8000	-	-	
3.	खेल अधिकारी (मैदानी)	13	—तदैव—	5000-150-8000	6500-10500	8000-13500	छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश क्रमांक एफ 10-2/07/0-3, दिनांक 11 फरवरी, 2008 के स्तम्भ 5 में उक्त वेतनमान स्वीकृत किया गया है तथा छत्तीसगढ़ शासन, वित्त एवं योजना विभाग के निर्देश क्रमांक 97/107/वित्त/नियम/चार/2008, 28 अप्रैल, 2008 के स्तम्भ 6 एवं 7 में उक्त उच्चतर वेतनमान स्वीकृत किया गया है. विभाग के जिला खेल अधिकारी पद को विभागीय सेटअप में खेल अधिकारी पद के रूप में स्वीकृत किया गया है. अत: जिला खेल अभिकारी [illegible] को खेल अधिकारी पढ़ा [illegible].
4.	प्रशिक्षक	8	—तदैव—	4500-125-7000	5500-9000	6500-10500	छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश क्रमांक एफ 10-2/7/0-3, दिनांक 11 फरवरी, 2008 के स्तम्भ 5 में उक्त वेतनमान स्वीकृत किया गया है तथा छत्तीसगढ़ शासन, वित्त एवं योजना विभाग के आदेश क्रमांक 97/107/वित्त/नियम/चार/2008, 28 अप्रैल, 2008 के स्तम्भ 6 एवं 7 में उक्त उच्चतर वेतनमान स्वीकृत किया गया है.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
5.	वाहन चालक	1	—तदैव—	3050-75-3950-80-4590	4000-6000	4500-7000	छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश क्रमांक एफ 10-2/7/0-3, दिनांक 11 फरवरी, 2008 के स्तम्भ 5 में उक्त वेतनमान स्वीकृत किया गया है तथा छत्तीसगढ़ शासन, वित्त एवं योजना विभाग के आदेश क्रमांक 97/107/वित्त/नियम/चार/2008, 28 अप्रैल, 2008 के स्तम्भ 6 एवं 7 में उक्त उच्चतर वेतनमान स्वीकृत किया गया है.
6.	शीघ्रलेखक	2	राजपत्रित (लिपिक वर्गीय)	4500-125-7000	5500-9000	6500-10500	—तदैव—
7.	आडिटर	2	—तदैव—	4000-100-6000	-	-	छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश क्रमांक एफ 10-2/07/0-3, दिनांक 11 फरवरी, 2008 के स्तम्भ 5 में उक्त वेतनमान स्वीकृत किया गया है.
8.	लेखापाल (लेखा प्रशिक्षित)	1	—तदैव—	4000-100-6000	-	-	
9.	सहायक ग्रेड-2	3	—तदैव—	4000-100 6000	-	-	
10.	डाटा इन्ट्री आपरेटर	1	—तदैव—	3500-80-4700-100-5200	4000-6000	4500-7000	छत्तीसगढ़ शासन, वित्त एवं योजना विभाग के आदेश क्रमांक 97/107/वित्त/नियम/चार/2008, 28 अप्रैल, 2008 के स्तम्भ 6 एवं 7 में उक्त उच्चतर वेतनमान स्वीकृत किया गया है.
11.	सहायक ग्रेड-3	18	—तदैव—	3050-75-3950-80-4590	4000-6000	4500-7000	—तदैव—

अनुसूची-दो

(नियम 6 देखिए)

विभाग का नाम	सेवा का नाम	पद की कुल संख्या	भरे जाने वाले पदों की संख्या का प्रतिशत		
			सीधी भर्ती द्वारा [देखिए नियम-6 (1) (क)]	सेवा के सदस्यों की पदोन्नति द्वारा [देखिए नियम-6 (1) (ख)]	अन्य सेवाओं से व्यक्ति के स्थानांतरण/प्रतिनियुक्ति द्वारा [देखिए नियम-6 (1) (ग)]
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
खेल एवं युवा कल्याण	अराजपत्रित कार्यपालिक				
	1. वरिष्ठ खेल अधिकारी	3		100%	
	2. कनिष्ठ लेखा अधिकारी	1			कोष एवं लेखा सेवा से 100 प्रतिशत प्रतिनियुक्ति से

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
	3. प्रशिक्षक	8	100%		
	4. खेल अधिकारी (मैदानी)	13	80% 20% पद लिपिक वर्गीय कर्मचारियों से अनुसूची-पांच में दर्शायी योजना के अंतर्गत भरे जायेंगे. लिपिक वर्गीय कर्मचारियों में से उपयुक्त अभ्यर्थी में अपेक्षित संख्या उपलब्ध न हो तो पदों को सीधी भर्ती द्वारा भरी जायेगी.		
5.	वाहन चालक	1	100%		
	अराजपत्रित लिपिकवर्गीय				
	1. शीघ्र लेखक	2	100%		
	2. आडिटर	2	-	100%	
	3. लेखापाल	1	-	100%	
	4. सहायक ग्रेड-2	3	-	100%	
	5. डाटाइंट्री आपरेटर	1	100 प्रतिशत पद लिपिक वर्गीय कर्मचारियों से भरे जायेंगे जो अनुसूची-पांच में दर्शायी गई अर्हता पूर्ण करते हों. लिपिक वर्गीय कर्मचारियों में से उपयुक्त अभ्यर्थी अपेक्षित संख्या में उपलब्ध न हो तो पदों को सीधी भर्ती द्वारा भरी जायेगी.		
6.	सहायक ग्रेड-3	18	75%	25% पद ऐसे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति द्वारा भरे जायेंगे जो विभाग में पांच वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण कर चुके हों तथा पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा अथवा 10+2 पद्धति से हाई स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण हो.	

अनुसूची-तीन

(नियम 8 देखिए)

विभाग का नाम (1)	सेवा का नाम (2)	न्यूनतम आयु सीमा (3)	उच्चतर आयु सीमा (4)	विहित शैक्षणिक अर्हताएं (5)
खेल एवं युवा कल्याण	अराजपत्रित कार्यपालिक			
	1. प्रशिक्षक	21	35	किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से एन. आई. एस. डिप्लोमा
	2. खेल अधिकारी (मैदानी)	21	35	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शारीरिक शिक्षा में स्नातक उपाधि.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
	3. वाहन चालक	18	35	1. पूर्व माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिये. 2. भारी तथा हल्के वाहन चलाने की अनुज्ञप्ति प्राप्त हो.
	अराजपत्रित लिपिकवर्गीय			
	1. शीघ्रलेखक	18	35	1. पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा अथवा हाईस्कूल परीक्षा (10+2 प्रणाली) उत्तीर्ण होना चाहिये या भर्ती नियम में नियत पात्रता या छ. ग. माध्यमिक शिक्षा मंडल या विश्वविद्यालय से स्नातक पाठ्यक्रम की एक वर्षीय परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिये. 2. छत्तीसगढ़ मंडल शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन परीक्षा या किसी अन्य मान्यता प्राप्त मंडल से हिन्दी मुद्रलेखन 25 शब्द प्रति मिनट की गति के साथ एवं हिन्दी शीघ्रलेखन 60 शब्द प्रति मिनट की गति के साथ होना चाहिये या शासन से मान्यता प्राप्त संस्था से डाटाइन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा प्रमाण-पत्र तथा डाटाइन्ट्री का 5000 की "डिप्रेशन" प्रति घंटा की गति होना अनिवार्य है.
	2. डाटाइंट्री आपरेटर	21	35	1. पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा अथवा हाईस्कूल परीक्षा (10+2 प्रणाली) एवं किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से त्रिवर्षीय डिग्री उत्तीर्ण होनी चाहिये. 2. डाटाइन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में किसी मान्यता प्राप्त संस्था से एक वर्षीय डिप्लोमा. कम्प्यूटर में हिन्दी एवं अंग्रेजी में 8000 की डिप्रेशन प्रति घंटा की गति अनिवार्य है.
	3. सहायक ग्रेड-3	18	35	1. किसी मान्यता प्राप्त मंडल/विश्वविद्यालय अथवा भर्ती नियमों के अनुसार पात्रता या हाईस्कूल परीक्षा (10+2 शिक्षा प्रणाली) अथवा पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा या छ. ग. सेकेण्डरी परीक्षा मंडल के समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिये. 2. छत्तीसगढ़ मंडल शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन परीक्षा अथवा किसी अन्य मान्यता प्राप्त मंडल से हिन्दी मुद्रलेखन 25 शब्द प्रति मिनट की गति के साथ एवं हिन्दी शीघ्रलेखन 60 शब्द प्रति मिनट की गति होना चाहिये या शासन से मान्यता प्राप्त संस्था से डाटाइन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा प्रमाण-पत्र के साथ डाटाइन्ट्री का 5000 की डिप्रेशन प्रति घंटा की गति होना अनिवार्य है.

अनुसूची-चार
(नियम 14 देखिए)

विभाग का नाम	उस पद का नाम जिससे पदोन्नति की जाएगी	पद का नाम जिस पर पदोन्नति की जाएगी	न्यूनतम सेवा अवधि	विभागीय पदोन्नति समिति के सदस्यों के नाम
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
खेल एवं युवा कल्याण	अराजपत्रित कार्यपालिक 1. खेल अधिकारी (मैदानी)	वरिष्ठ खेल अधिकारी	5 वर्ष	1. उप संचालक - अध्यक्ष 2. सहायक संचालक - सदस्य 3. प्रशासनिक अधिकारी - सदस्य
	अराजपत्रित लिपिक वर्गीय 1. लेखापाल	आडिटर	5 वर्ष	1. उप संचालक - अध्यक्ष 2. सहायक संचालक - सदस्य 3. प्रशासनिक अधिकारी - सदस्य
	2. सहायक ग्रेड-2	लेखापाल	5 वर्ष	1. उप संचालक - अध्यक्ष 2. सहायक संचालक - सदस्य 3. प्रशासनिक अधिकारी - सदस्य
	3. सहायक ग्रेड-3	सहायक ग्रेड-2	5 वर्ष	1. उप संचालक - अध्यक्ष 2. सहायक संचालक - सदस्य 3. प्रशासनिक अधिकारी - सदस्य

अनुसूची-पांच
(नियम 13 देखिए)

लिपिक वर्गीय संवर्ग खेल अधिकारी के चयन के लिये प्रतियोगिता परीक्षा योजना

1. **शीर्षक :—** इस योजना का संक्षिप्त नाम खेल एवं युवा कल्याण, संचालनालय तथा मैदानी कार्यालयों के लिपिक वर्गीय से तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक) सेवाओं के लिए चयन से सीधी भर्ती की योजना है. .

2. **पात्रता :—** लिपिक वर्गीय संवर्ग/सेवाओं के सदस्य, जिनके पास पात्रता हेतु निम्नलिखित अर्हताएं हो, अर्थात् :—

   (1) जो किसी खेल एवं युवा कल्याण, संचालनालय तथा मैदानी कार्यालयों में लिपिक वर्गीय सेवा संवर्ग में पिछले पांच वर्षों से लगातार कार्य कर रहा हो.

   (2) उसने किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि प्राप्त की हो एवं कम से कम विश्वविद्यालय स्तर या इससे उच्चस्तर पर किसी खेल में भाग लिया हो.

   (3) उसने चयन के वर्ष की जनवरी के प्रथम दिन को पैंतालीस वर्ष से अधिक आयु पूरी न की हो. अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गो के लिए अधिकतम आयु सीमा शिथिलनीय होगी.

3. **चयन :—** नियुक्ति हेतु चयन निम्न आधार पर की जायेगी :—

   (1) इस योजना के अधीन संचालित की जाने वाली परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों द्वारा अभिप्राप्त अंकों के आधार पर ; और

   (2) पिछले पांच वर्षों की गोपनीय चरित्रावली के मूल्यांकन के आधार पर किया जायेगा.

4\. (एक) लिखित परीक्षा, प्रत्येक वर्ष ऐसी तारीखों तथा ऐसे स्थानों पर संचालित की जायेगी, जैसा कि नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अवधारित किया जाये.

(दो) लिखित परीक्षा में ढाई घंटे की कालावधि के प्रत्येक 50 अंक के दो प्रश्नपत्र होंगे, इस परीक्षा में सफल होने के लिए प्रत्येक प्रश्नपत्र में कम से कम 50 प्रतिशत अंक अभिप्राप्त करने होंगे.

(तीन) प्रश्नपत्र, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा तैयार कराये जायेंगे और उनमें निम्नलिखित विषय होंगे :—

प्रश्नपत्र प्रथम :— सामान्य ज्ञान, सामान्य हिन्दी तथा प्रारंभिक अंकगणित

प्रश्नपत्र द्वितीय :—

(एक) सरकारी सेवा के सामान्य नियम.

(दो) विभाग में सामान्यत: प्रयुक्त होने वाले शब्दों का ज्ञान.

(तीन) अधिनियम, नियमों, उपविधियों, निर्देशिका आदि, जिनके अनुसार विभाग में कार्य होता है.

(चार) प्रश्नपत्रों के लिए पाठ्यक्रम के ब्यौरे, जैसे कि संलग्न उपाबंध में लिखित में है.

(पांच) ऐसा अभ्यर्थी, जो पात्रता पूरी करता हो, परीक्षा में प्रवेश के लिए पात्र होगा, नियुक्ति प्राधिकारी ऐसे अभ्यर्थियों से, जो परीक्षा में प्रवेश की वांछा रखते हों, परीक्षा के लिए नियत तारीख से कम से कम एक मास पूर्व आवेदन आमंत्रित करेगा. ऐसे अभ्यर्थियों को, जो परीक्षा में प्रवेश हेतु पात्र पाये जायें, परीक्षा की तारीख, स्थान तथा समय आदि की सूचना दी जायेगी. शारीरिक स्वस्थता के संबंध में सिविल सर्जन का प्रमाण-पत्र जहां कार्यरत/पदस्थ हो, ग्रहण किया जायेगा.

(छ:) उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन, उस विभाग के अधिकारियों द्वारा किया जायेगा, जो नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा नामनिर्दिष्ट किये जायें.

(सात) ऐसे अभ्यर्थियों की, जिन्होंने प्रत्येक प्रश्नपत्र में न्यूनतम 50 प्रतिशत या उससे अधिक अंक अभिप्राप्त करेंगे, एक सूची तैयार की जायेगी.

5\. **चरित्रावलियों का मूल्यांकन तथा चयन की अंतिम सूची :—**

(1) अनुसूची-चार में विनिर्दिष्ट किए गये अनुसार गठित विभागीय पदोन्नति समिति, उन अभ्यर्थियों की, जिनके नाम पैरा 4 (7) के अधीन तैयार चयन सूची में है, पिछले 5 वर्षों की गोपनीय चरित्रावली का मूल्यांकन करेगी.

(2) प्रत्येक अभ्यर्थी को प्रत्येक वर्ष की गोपनीय चरित्रावली के लिए 20 अंकों में से निम्नानुसार अंक दिये जायेंगे :—

उत्कृष्ट/बहुत अच्छा	-	20
अच्छा	-	15
साधारण	-	10

(3) गोपनीय चरित्रावली के मूल्यांकन के आधार पर अभिप्राप्त किये गये अंकों, प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा लिखित परीक्षा में अभिप्राप्त किये गये अंकों के सामने लिखे जायेंगे और दोनों अंकों को जोड़ा जायेगा.

(4) अंतिम चयन सूची, परीक्षा में अभिप्राप्त किये गये अंकों तथा गोपनीय चरित्रावली के मूल्यांकन के आधार पर तैयार की जायेगी. कार्यपालिक (तृतीय श्रेणी पदों) के 20 प्रतिशत कोटे के सामने नियुक्ति सूची में आए उनके नामों के क्रम में की जाएगी.

(5) लिपिकवर्गीय संवर्ग से तृतीय श्रेणी कार्यपालिक पद पर नियुक्त कर्मचारियों की पारम्परिक वरिष्ठता, अंतिम सूची में दर्शाये गये अनुसार होगी.

6. **परिवीक्षा :—** इस योजना के अधीन नियुक्त प्रत्येक कर्मचारी दो वर्ष के लिए परिवीक्षा पर नियुक्त किया जायेगा. इस कालावधि के दौरान, कर्मचारी को उस पद का प्रशिक्षण दिया जाएगा और यदि कोई विभागीय परीक्षा विहित की गई है तो उसे उत्तीर्ण करना होगा. यदि किसी कर्मचारी का व्यवहार परिवीक्षा की कालावधि के दौरान, तृतीय श्रेणी कार्यपालिक पद के उपयुक्त नहीं पाया जाता है तो उसे उसके लिपिकीय संवर्ग के पूर्व पद पर प्रतिवर्तित कर दिया जाएगा. कार्यपालिक (तृतीय श्रेणी) पद की परिवीक्षा कालावधि के दौरान की गई सेवाओं की गणना, लिपिकीय संवर्ग/सेवा में की गई सेवा के रूप में की जायेगी.

उपाबंध

प्रश्नपत्रों का पाठ्यक्रम

प्रश्नपत्र-1

1. सामान्य ज्ञान (15 अंक)
सामयिक घटनाएं, भारत का इतिहास, भारत का भूगोल तथा सुसंगत घटनाएं, छत्तीसगढ़ के बारे में सामान्य जानकारी से संबंधित सुसंगत प्रश्न (तीन प्रश्न).

2. सामान्य हिन्दी (15 अंक)
10-12 पंक्तियों की संक्षेपिका के आधार पर संक्षिप्त प्रश्न समान शब्दों के अर्थ में भिन्नता तथा किसी निर्धारित विषय पर 150 शब्दों में निबंध.

3. प्रारंभिक गणित (20 अंक)
गुणा, भाग, दशमलव प्रणाली में भिन्न, प्रतिशत, औसत, क्षेत्रफल, आयतन, औसत अनुपात

प्रश्नपत्र-2

